(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध)

सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, मध्यप्रदेश

प्रान्तीय कार्यालयः 'प्रज्ञादीप' हर्षवर्धन नगर, भोपाल-४६२००३

पंजीयन क्र.-17195

दूरभाषः (0755) 2761225, ई-मेलः vidyabhartibpl@gmail.com

www.vidyabhartimp.org

पत्र क्रमांक : 614/2022 दिनांक- 19/09/2022

प्रांतीय गणित विज्ञान मेला-2022

प्रति,

श्रीमान् व्यवस्थापक/प्राचार्य/प्रधानाचार्य महोदय,
समस्त सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर मध्यभारत प्रान्त।

आदरणीय बन्धुवर
सप्रेम नमस्कार।

विद्याभारती, भैया-बहिनों के सर्वांगीण विकास के लिये सतत् प्रयत्नशील है। भैया-बहिन ज्ञान विज्ञान एवं वैदिक गणित के क्षेत्र की प्राचीन एवं अर्वाचीन उपलब्धियों से परिचित हो सके और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ प्रगति करते हुए भविष्य के वैज्ञानिक एवं गणितज्ञ तथा श्रेष्ठ राष्ट्रभक्त नागरिक बन सकें और राष्ट्र की समस्याओं का समाधान करने में सहायक बने, इस उद्देश्य से प्रांतीय गणित विज्ञान मेला का आयोजन होता है।

आयोजन को प्रभावी एवं परिणामकारी बनाने हेतु यह आवश्यक है कि विद्यालय स्तर से ही उचित तैयारी कर, योग्य प्रतिभा के साथ इस समारोह में सहभागी होंगे, ऐसी अपेक्षा है।

आयोजन स्थल	- सरस्वती विद्या मंदिर, उ.मा.वि. पचोर, जिला राजगढ़ (म.प्र.)
दिनांक	- 12.10.2022 सायं से 14.10.2022 दोपहर तक
शुल्क	- 500/- रूपये प्रति प्रतिभागी एवं संरक्षक आचार्य (शुल्क एवं मार्ग व्यय विद्यालय द्वारा देय होगा)

आयोजन संबंधी विशेष सूचनाएँः-

- प्रतियोगिता स्थल पर दिनांक 12 अक्टूबर 2022 रात्रि 8 बजे तक अनिवार्य रूप से पहुचँना है।
- पचोर पहुँचने के लिये भोपाल से सिन्धी कालोनी बैरसिया बस स्टैण्ड से बस उपलब्ध होगी। ग्वालियर, शिवपुरी विभाग के प्रतिभागी के लिए रेल्वे स्टेशन पचोर पर वाहन सुविधा पूर्व सूचना पर उपलब्ध रहेगी।
- आयोजन स्थल पर पंजीयन के समय सूची के साथ शुल्क जमा कराना होगा।
- प्रतिभागी भैया-बहिन एवं संरक्षक आचार्य अपने साथ भोजन पात्र अवश्य लेकर जायें।
- शिशु वर्ग की प्रतियोगिता प्रांत स्तर तक ही रहेगी। शेष सभी वर्गों की प्रतियोगिताएँ अखिल भारतीय स्तर तक होगी। प्रांत स्तर पर विभाग के प्रथम विजेता ही अपेक्षित है।
- थर्माकोल का प्रयोग पूर्णतः वर्जित है। प्रयोग में थर्माकोल का उपयोग होने पर प्रतिभागी प्रतियोगिता से वंचित रहेगा।
- प्रदर्श से संबंधित सभी आवश्यक सामग्री एवं प्रतियोगिता संबंधित साहित्य अपने स्थान से पूर्ण कर ही साथ लावें।

E:\P-22-23\Gayan Vigyan & V.G

- तरूण वर्ग को प्रदर्श का प्रत्यक्ष निर्माण (संयोजन) प्रतियोगिता स्थल पर मूल्यांकनकर्ता के समक्ष करना होगा।
- सभी स्तरों पर पुस्तकों का नवीन संस्करण ही मान्य होगा।
- विज्ञानात्मक प्रयोग में तरूण वर्ग से तीन प्रतिभागी सम्मिलित हो सकेंगे। जिनमें एक प्रतिभागी भौतिकशास्त्र वर्ग और एक प्रतिभागी रसायनशास्त्र वर्ग से तथा एक प्रतिभागी जीवविज्ञान वर्ग से अपेक्षित है।
- प्रतियोगिता नियमावली एवं प्रांतीय निर्देशिका 2022-23 का अध्ययन भलीभाँति कर आवें।
- वैदिक गणित के प्रतिभागी भैया-बहिन अपने साथ स्वयं का ज्यामितीय बॉक्स साथ लेकर आये।
- प्रतिभागी अपने साथ मौसम अनुकूल वस्त्र एवं ओढ़ने बिछाने के कपड़े व दैनिक उपयोग की सामग्री साथ लावें।
- बहुमूल्य सामग्री स्वर्ण आभूषण, मोबाइल आदि साथ न लावें।
- प्रतियोगिता परिचय पत्र निर्धारित प्रारूप में पूर्ण भरा हुआ ही मान्य होगा। विभाग संयोजक के हस्ताक्षर पदमुद्रा आदि पूर्ण करके लावें। परिचय पत्र अप्राप्त होने की स्थिति में प्रतिभागी छात्र को प्रतियोगिता से वंचित किया जा सकेगा।
- संरक्षक आचार्य विषय एवं योजना का जानकार, सजग एवं अनुशासन प्रिय हो, इसका आचार्य चयन के समय ध्यान रखा जाये।
- उद्घाटन, समापन एवं प्रतियोगिता समय में सभी प्रतिभागियों को निर्धारित विद्यालय वेश में रहना अनिवार्य है। अवांछनीय वस्त्रों का प्रयोग वर्जित है।
- **क्षेत्र स्तर का आयोजन दिनांक 14 अक्टूबर सायं से 16 अक्टूबर 2022 दोपहर तक सरस्वती विद्या मंदिर ऋषिनगर उज्जैन, (मालवा प्रान्त) में सम्पन्न होना है।** जिसमें प्रांत के विजेता भैया-बहिन सहभागी होगें। अतः प्रतिभागी भैया-बहिन संरक्षक आचार्य 14 अक्टूबर की सायं तक संबंधित स्थल पर पहुचें।

आपके सहयोग से आयोजन आनंदपूर्ण रहेगा, ऐसी अपेक्षा है। सभी को यथायोग्य नमस्कार।

संपर्क सूत्र -
श्री पियूष राठौड़
प्राचार्य, सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि.
पचोर जिला राजगढ़ (म.प्र.)
मोबा. - 8959184400

भवदीय

(शिरोमणि दुबे)
प्रादेशिक सचिव

प्रतिलिपि :-

1. श्रीमान अध्यक्ष/संगठनमंत्री/सहसंगठन मंत्री, मध्यभारत प्रान्त की ओर सूचनार्थ।
2. सदस्यगण प्रबंध कार्यकारिणी समिति, सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान को सूचनार्थ।
3. प्रान्त प्रमुख एवं समस्त विभाग समन्वयक मध्यभारत प्रांत को सूचनार्थ।
4. प्रान्त प्रमुख ग्राम भारती शिक्षा समिति मध्यभारत प्रांत को सूचनार्थ।

भवदीय

(शिरोमणि दुबे)
प्रादेशिक सचिव

E:\P-22-23\Gayan Vigyan & V.G.